# मौजूदा और नियोजित उपाय

## चीफ सेक्रेटरी फॉर एडमिनिस्ट्रेशन और फाइनेंशियल सेक्रेटरी के कार्यालय

एडमिनिस्ट्रेशन विंग (Adm Wing) चीफ सेक्रेटरी फॉर एडमिनिस्ट्रेशन और फाइनेंशियल सेक्रेटरी को सरकार के सचिवायल में मशीनरी के प्रभावी संचालन की देखरेख के लिए सहायता प्रदान करती है। हमारी जिम्मेदारियों के व्यापक आयाम में हम निम्नलिखित लोकसेवाएं प्रदान करते हैं -

(i) गवर्नमेंट रिकॉर्ड सर्विस (GRS) लोगों को अभिलेखीय रिकॉर्ड तक पहुँच करने की सेवाएं प्रदान करना;

(ii) अपूर्वदृष्ट वादियों के लिए सिविल प्रक्रियागत मामलों पर नि:शुल्क कानूनी सहायता के प्रावधान; और

(iii) एडमिनिस्ट्रेटिव अपील बोर्ड (AAB) ऑर्डिनेंस (Cap.442) और म्युनिसिपल सर्विसेज अपील बोर्ड (MSAB) ऑर्डिनेंस (Cap.220) के क्षेत्राधिकार में प्रशासनिक निर्णयों और अपील बोर्ड के निर्णयों के विरूद्ध अपीलों को संभालना।

एडमिन विंग द्वारा सामान्य जनता से उनकी नस्लीय पृष्ठभूमि की परवाह किए बगैर समान पहुँच प्रदान करने हेतु किए गए या किए जाने वाले उपाय।

**(i)** <u>खीय</u>

- GRS का पब्लिक रिकॉर्ड ऑफिस (PRO) आम लोगों को इसके अभिलेखीय अधिकार और अन्य संग्रहों तक पहुँच और पुन: प्रकाशन की संदर्भ सेवाएं प्रदान करता है।

- PRO ने विभिन्न नस्लों के लोगों को इसकी संदर्भ सेवाओं के इस्तेमाल को सुविधाजनक बनाने के लिए रेफरेंस सर्विसेज काउंटर पर विभिन्न नस्लों के लोगों के लिए जानकारी उपलब्ध

करवाई है कि वे हांगकांग क्रिश्चियन सर्विस के अंतर्गत जातीय अल्पसंख्यक निवासियों के लिए सद्भाव और संवर्धन केंद्र (CHEER) दुभाषिया सेवा के लिए मांग कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| भविष्य के कार्य का आकलन | • PRO इसकी रेफरेंस सेवाओं की समीक्षा और सुधार करने के लिए विभिन्न नस्लों के लोगों से फीडबैक और सुझाव प्राप्त करेगा। |
| अतिरिक्त उपाय किए गए / किए जाने वाले | • PRO इसके रेफरेंस सर्विसेज काउंटर पर कार्यरत स्टाफ की नस्लीय संवदेनशीलता के प्रति जागरूकता में वृद्धि करेगा और इसकी रेफरेंस सर्विसेज उपयोग करने वाले विभिन्न नस्लों के लोगों के लिए सहायक उपायों को मजबूत करेगा। |

**(ii)** सिविल प्रक्रियागत मामलों और अपूर्वदृष्ट मुक़दमों में नि:शुल्क कानूनी सहायता के प्रावधान

- सिविल मामलों पर (प्रक्रियागत सलाह स्कीम) पर अपूर्वदृष्ट वादियों के लिए कानूनी सलाह योजना के अंतर्गत, सिविल प्रक्रियागत मामलों में अपूर्वदृष्ट वादियों को मुफ्त कानूनी सलाह प्रदान की जाती है जो कुछ न्यायालयों में कानूनी कार्रवाई की शुरूआत करते हैं या पक्षकार हैं (कार्रवाई आरंभ करने सहित) परंतु अन्य ट्रिब्यूनलों में सिविल कार्रवाई नहीं।

- एडमिन विंग के वेबसाइट के अंतर्गत वेबपेज पर प्रक्रियात्मक सलाह योजना पर विभिन्न नस्लों के लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषाओं में प्रक्रियात्मक सलाह योजना पर जानकारी पर्चे उपलब्ध हैं। इन पर्चों की प्रतियां संबंधित गैर-सरकारी संगठनों को भी उपलब्ध करवाई गई हैं जिनकी सेवा लक्ष्य मुख्य रूप से होम अफेयर्स डिपार्टमेंट के माध्यम से विभिन्न नस्लों के लोग हैं।

- जहां आवश्यक और उचित हो प्रक्रियात्मक सलाह योजना के

अंर्तगत मुफ्त कानूनी सलाह के उपयोगकर्ताओं के लिए जो विभिन्न नस्लों के लोग हैं और अंग्रेजी या चीनी भाषा नहीं बोलते हैं दुभाषिया सेवा की व्यवस्था की जाएगी।

| | | |
|---|---|---|
| भविष्य के कार्य का आकलन | • | प्रक्रियात्मक सलाह योजना के अंर्तगत सेवा के निरंतर सुधार के लिए विभिन्न नस्लों के लोगों से लिए गए फीडबैक और सुझावों पर विचार किया जाएगा। |
| अतिरिक्त उपाय किए गए / किए जाने वाले | • | प्रक्रियात्मक सलाह योजना की सेवा को विभिन्न नस्लों के लोग जो अंग्रेजी या चीनी भाषा नहीं बोलते हैं उनमें प्रचार करने के लिए संबंधित सरकारी विभागों और गैर-सरकारी संगठनों की सहायता ली जाएगी। |

(iii) **AAB** ऑर्डिनेंस और **MSAB** ऑर्डिनेंस के क्षेत्राधिकार में प्रशासनिक निर्णयों के विरूद्ध अपीलों को संभालना

- AAB और MSAB दो स्वतंत्र स्वायत्त निकाय हैं जो किसी आवेदक द्वारा AAB ऑर्डिनेंस, MSAB ऑर्डिनेंस और अन्य प्रासंगिक ऑर्डिनेंस के अनुसार दाखिल की गई अपीलों पर सुनवाई और निर्णय करते हैं।

- AAB या MSAB को की गई किसी अपील की सुनवाई चीना, अंग्रेजी या दोनों भाषाओं में जैसा बोर्ड उचित समझे, की जा सकती है। फिर भी एक अपील में कोई भी पक्ष या किसी अपीन की सुनवाई में प्रतिनिधित्व कर रहा कोई व्यक्ति बोर्ड को किसी भी भाषा में संबोधित कर सकता है; और कोई गवाह जो बोर्ड के समक्ष गवाही देता है वह किसी भी भाषा में गवाही दे सकता है। जहां उचित और व्यवहार्य हो, AAB या MSAB के सचिवालय सुनवाई के लिए समकालिक दुभाषिया सेवा के व्यवस्था करेंगे।

- विभिन्न नस्लों के लोगों द्वारा उपयोग की जाने वाली भाषाओं में

| | | |
|---|---|---|
| | | जानकारी एडमिन विंग की वेबसाइट के अंतर्गत वेबपेजों AAB और MSAB पर उपलब्ध हैं और अपील बोर्ड सेक्रेटेरिएट के रिसेप्शन काउंटर पर प्रदर्शित की गई है ताकि विभिन्न नस्लों के लोगों को जहां और जब भी आवश्यक हो हांगकांग क्रिश्चियन सर्विस के अंतर्गत CHEER से सहायता प्राप्त करने में सक्षम किया जाए। |
| भविष्य के कार्य का आकलन | ● | अपील बोर्ड सेक्रेटेरिएट AAB या MSAB को अपीलों के लिए सेवा में निरंतर सुधार करने के लिए लिए बोर्ड के सदस्यों और विभिन्न नस्लों के लोगों से फीडबैक/सुझाव प्राप्त करेगा तथा विचार करेगा। |
| अतिरिक्त उपाय किए गए / किए जाने वाले | ● | अपील बोर्ड सचिवालय के कर्मचारियों को नस्लीय भेदभाव अध्यादेश (कैप 602) और नागरिक सेवा प्रशिक्षण और विकास संस्थान द्वारा आयोजित और समान अवसर आयोग द्वारा संबंधित दिशानिर्देशों नस्लीय समानता के मुद्दों के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। |

पूछताछ या फीडबैक के लिए, कृपया संपर्क करें एडमिन विग – Mr KOO Chor-shing चीफ एक्ज्युकेटिव ऑफिसर *(एडमिनिस्ट्रेशन)*2 -

| | | |
|---|---|---|
| टेलीफोन | : | 2810 2878 |
| फैक्स | : | 2524 7103 |
| ईमेल | : | admwing@cso.gov.hk |

चीफ सेकरेटरी फॉर एडमिनिस्टरेशन और
फाइनेंशियल सेकरेटरी के कायालयर्

**मई 2023**